कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा/माध्यमिक/शालादर्पण/60302/2018–19/21 दिनांक : 22/7/19

समस्त संस्था प्रधान,
रामावि/राबामावि/राउमावि/राबाउमावि

विषयः– शालादर्पण पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों की प्रविष्टि, रिजल्ट, इन्फ्रास्ट्राक्चर व SDMC/SMC संबंधी सूचना अपडेट करने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शालादर्पण पोर्टल पर विभिन्न मॉड्यूल को निम्नानुसार अद्यतन किया जाना सुनिश्चित करें :–

1. सत्र 2019–20 हेतु विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया चल रही हैं। चूंकि राज्य स्तर पर नामांकन वृद्धि एवं विद्यालयों को सत्र 2019–20 हेतु आवंटित नामांकन लक्ष्य प्राप्त करने सम्बन्धी रिपोर्ट शालादर्पण से प्राप्त की जाती हैं, अतः समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों की शालादर्पण पर प्रविष्टि नियमित रूप से अद्यतन की जानी सुनिश्चित करें।
2. शाला दर्पण पर छात्रवृत्ति हेतु आवदेन किये जाने प्रारंभ हो गये हैं। छात्रवृत्ति मॉड्यूल में पात्र विद्यार्थियों की सूचना विद्यार्थी विस्तृत विवरण प्रविष्टि प्रपत्र 9 से प्राप्त होती है, अतः समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों की शालादर्पण पर प्रपत्र 9 की प्रविष्टि तत्काल पूर्ण करावें।
3. समस्त उत्तीर्ण छात्रों का रिजल्ट प्रमोशन मॉड्यूल के द्वारा प्रमोशन किया जाना सुनिश्चित करें।
4. शालादर्पण रिजल्ट मॉड्यूल में पूरक परीक्षा की प्रविष्टि सुनिश्चित करें।
5. SDMC/SMC मॉड्यूल में वार्षिक, त्रैमासिक, मासिक, बालसभा एवं SDMC बैठक आदि समस्त सूचनाओं को शालादर्पण पर समय–समय पर अद्यतन करना सुनिश्चित करें।
6. शालादर्पण रिजल्ट मॉड्यूल में कक्षावार विषय अध्यापक की सूचना SUBJECT TEACHER MAPPING मॉड्यूल में अद्यतन की जानी सुनिश्चित करें।
7. विद्यालय इन्फ्रास्ट्राक्चर मॉड्यूल की समस्त सूचनाओं की सही प्रविष्टि सुनिश्चित करें तथा परिवर्तित होने वाली सूचनाएं समय–समय पर अद्यतन करें।
8. शालादर्पण पर निःशुल्क पाठ्य–पुस्तक वितरण मॉड्यूल में नोडल विद्यालय से प्राप्त तथा विद्यार्थियों को वितरित पाठ्य–पुस्तकों की प्रविष्टि तत्काल सुनिश्चित करें।

उपरोक्त को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त , राज. स्कूल शिक्षा परिषद, राजस्थान जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, राज. स्कूल शिक्षा परिषद, राजस्थान जयपुर।
4. उपनिदेशक, शालादर्पण प्रकोष्ट जयपुर।
5. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
6. रक्षित पत्रावली।

जिला शिक्षा अधिकारी(आ.वि.)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर